दीपावली के लिए सजा बाजार, अच्छी ग्राहकी की उम्मीद

सागवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। दीपावली पर्व के पूर्व से ही बाजार में खरीददारों की भीड़ लगी रही वहीं नगर दुल्हन की तरह रंगीन लाइटों व रंगीन पन्नियों से सजा रात में जगमंग रहा नगर। लोगों ने अपने-अपने घरो व प्रतिष्ठानों पर सफाई व रंग रंगोन का कार्य किया गया। दीपावली का त्यौहार के करीब सात दिन पूर्व से नगर के बाजार को नगर पालिका द्वारा रंगी लाईटें व रंगीन पन्नियां लगाकर दुल्हन की तरह सजाने से बाजार की रोनक बढ़ी दीपावल नगर के मुख्य सड़क के मध्य तथा साइड में लगे विद्युत खंभों पर रंगीन लाईट से सजाया गया रात में नगर रोशनी से जग मगाता है। साथ ही बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों को भी रंगीप पन्नियां लाईट से रंग-रंगोन के साथ सजाया गया है तथा लोगों को आकर्षिक करने के लिए दुकान के सामने स्वागत द्वार व टेन्ट लगाये गए हैं।

दीपावली को लेकर आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा खरीददारी करने नगर में आने से बाजार की दशा यह रही कि बड़े वाहन को निकालना तो दू, दो पहिया वाहन के निकलना मुश्किल हो गया। दीपावली से पूर्व ही आस-पास गांवों से लोग जो रोजगार के लिये गुजरात व महाराष्ट्र के दीपावली के मद्देनजर बडे शहरों में आने का दौर प्रारम्भ होकर अहमदाबाद,मुम्बई एवं मध्य प्रदेश की तरफ से नगर में आने वाली ट्रावेल्स व रोडवेज बसे ऊपर से नीचे तक भरी हुई आ रही है। आने वाले लोगों का यह आलम था कि बस में जहां भी जगह मिली बैठक कर अपने घर की तरफ पहुंचे। शहरों से आने वाले लोगों को घर तक पहुंचाने के लिए नगर के ऑटो रिक्शा वाले भी खासे उत्साहित साथ ही बाहर से आने वाले ग्रामीणों ने शहर में जमकर खरीददारी की जा रही है। बाजार में खरीददारी की साथ ही दिन भर सोने चांदी, किराणा, पटाखे, जूते, इलेक्ट्रीकल व रेडीमेन्ट दुकानों पर भारी भीड देखने को मिली। दो पहिया व चार पहिया वाहन शोरूम पर श्रेष्ठ मुहूर्त में वाहन खरीददारी को लेकर पहले से बुकिंग की जा रही है। लोगों द्वारा धन तेरस व दीपावली पर वाहन खरीदे जाएंगे।

सोने व चांदी की दुकानों पर जेवरात खरीददारी करने वाले लोगों का अधिक रूझान है। नगर के ज्वैलरी की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखने मिल रही है।

वाहनों की बुकिंग चालू

दीपोत्सव पर अधिकतर लोग धन त्रयोदशी पर ही नया सामान, वस्तु एवं वाहन आदि खरीदना पंसद करते है। क्योंकि धन त्रयोदशी को भगवान कुबेर का दिवस माना जाता है और इस दिन भगवान कुबेर की पूजा-अर्चना के साथ ही दीपोत्सव का आगाज किया जाता है। वहीं लोगों की मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तु, वाहन जैवर, बर्तन आदि अच्छा और शुभ फल प्रदान करते है। इसी मान्यता को लेकर लोगों ने अपने पसंद के दुपहिया व चौपहिया वाहनों की बुकिंग प्रारंभ कर दी है।

बस्सी। दीपोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही बाजार में भी रौनक छाई हुई है। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई कर सजावट करने में जुटे हुए। इधर दीपोत्सव को लेकर बाजार में बढ़ती रौनक के साथ ही दुकानदारों में भी बिक्री को लेकर उत्साह दिखाई दिया है। त्यौहारी सीजन में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ऑटो मोबाइल, इलेक्ट्रोनिक सहित मोबाईल ऐसेसरिज की कंपनियों ने भी कई लुभावने ऑफरों की बौंछारे करना प्रारंभ कर दिया है। जहां एक और इलेक्ट्रोनिक आईटम की छोटी दुकानों से लेकर बड़े शोरूम में एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, डबल डॉर रेफ्रिजरेटर, होम थिएटर, म्यूजिक सिस्टम, आटा चक्की, आटा मेकर, गिजर जैसे रेंज के उपकरणों का स्टॉक रखा है।

दीपोत्सव को लेकर तैयारियों में लगे व्यापारियों का कहना है कि इस बार त्यौहारी सीजन में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। हालांकि उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों को भी मंदी की मार का डर सता रहा है।

लोगों की बढ़ती आवाजाही के चलते बाजार में फिर से रौनक लौट आई है। ऐसे में गत साल के मुकाबले इस साल अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है। बता दें कि स्थानीय व्यापारियों ने डिस्काउंट देना शुरू कर दिया है। वहीं कपड़ा व्यापारी भी इसमें पीछे नहीं है। उनकी दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है।

कपासन। नगरपालिका कपासन की ओर से पांच दिवसीय दीपावली पर्व को लेकर नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक द्वितीय रेखा देवी ने बताया कि अधिशासी अधिकारी भानूप्रतापसिंह के निर्देशन में दीपावली पर्व को लेकर नगरपालिका क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

बढ़ी चाक की रफ्तार

रोशनी के त्यौहार दीपावली पर घरों को रोशन करने के लिए इन दिनों कुंभकारों की चाक की रफ्तार बढ़ गई है। कारीगर मिट्टी को आकार देकर दीपक बनाने में जूटे है। दीपावली के मौके पर घरों को मिट्टी के दीपकों से रोशन करने में इनकी मेहनत आज भी बरकरार है। पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा को ये आज भी जीवंत बनाए हुए है। बदलते समय के साथ सब कुछ बदला, पर मिट्टी से दीपक बनाने का अंदाज नहीं बदला। लोग भले ही बिजली सहित अन्य तरीकों से घरों को सजाते है। लेकिन गांवों में आज भी मिट्टी के दीपकों से घरों को रोशन करने की परंपरा जारी है। कुम्हार समाज के लोगों के बताया कि वर्तमान में प्लास्टिक आदि के तरह-तरह के बर्तन आ गए है। इससे मिट्टी के बर्तनों की मांग कम है। इस काम में काफी मेहनत के बावजूद मुनाफा कम है। बता दें कि युवा पीढ़ी इस रोजगार में जुड़ना ही नहीं चाहती। चाक पर बने मिट्टी के छोटे दीपक की कीमत एक से डेढ़ रूपया प्रति फीस रखी है।

दीपावली महोत्सव 10 से : 12 को दीपावली रोकड़ मिलान -लेखन कार्य एवं नए वर्ष का शुभारंभ 14 को

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। देश भर में दीपावली महोत्सव 10 से शुरू हो रहा है। 12 नवंबर को प्रदोषकाल में अमावस्या होने से इसी दिन दीपावली मनाई जाएगी। जिले में भी यह त्योहार धूमधाम से मनाया जायेगा।

ये होंगे महोत्सव के दौरान शुभ समय

सविता संस्कृत संस्थान के आचार्य अर्जुनकृष्ण पालीवाल ने बताया कि दीपावली महोत्सव एवं शुभ मुहूर्त धन त्रयोदशी पर्व एवं कुबेर पूजा शुभारंभ 10 नवंबर को शाम प्रदोष वेला में यमदीप दान एवं श्री पूजन करना शुभ रहेगा। समय संध्या वेला 5:47 से 8:27 तक शुभ रहेगा। नरक चतुर्दशी रूप चतुर्दशी सूर्योदय कालिक मानी जाती है इसलिए रूप चतुर्दशी 12 नवंबर को प्रात:काल में मनाई जाएगी। अरुणोदय कल में प्रभात स्नान व दीपदान अभ्यंग स्नान होगा। 11 नवंबर को हनुमान जयंती पर्व रहेगा। दीपावली और लक्ष्मी पूजन मुहूर्त कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या 12 नवंबर को प्रदोष काल में अमावस्या होने से इसी दिन दीपावली मनाई जाएगी। लक्ष्मी पूजन विशेष प्रदोष युक्त अमावस्या को स्थिर लग्न में किया जाना श्रेष्ठ होता है। इस वर्ष लक्ष्मी पूजन का समय दोपहर 2:45 से प्रारंभ होगा जो कि 13 नवंबर को दोपहर 2:57 तक रहेगा, क्योंकि अमावस्या 12 नवंबर को दोपहर 2:45 से प्रारंभ हो रही है जो अगले दिन तक रहेगी।

चौघड़िया के अनुसार लक्ष्मी पूजन का समय प्रात: चंचल का चौघड़िया 8:13 से 9:35 तक लाभ का चौघड़िया। 9:36 से 10:57 तक अमृत का चौघड़िया। 10:58 से 12:19 तक एवं दोपहर बाद शुभ का चौघड़िया। 3:30 से 4:25 तक रहेगा। रात्रि चौघड़िया के अनुसार संध्या समय 5:48 से रात्रि 10:42 तक शुभ अमृत और चंचल का चौघड़िया रहेगा। मध्य रात्रि बाद 1:57 से 3:35 तक लाभ का रहेगा तथा 3:35 से 5:13 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा। स्थिर लग्न के अनुसार वृश्चिक लग्न प्रात: 7:09 से 9:26 तक रहेगा। कुंभ का लग्न दोपहर 1:58 से 2:50 तक रहेगा। वृषभ लग्न संध्या समय 5:58 से 7:55 तक रहेगा। सिंह लग्न मध्य रात्रि 12:27 से 2:41 तक रहेगा। विशेष समय प्रदोष वेला 5:45 से 8:25 तक रहेगी।

लाभ पंचम 18 नवंबर को

श्री रोकड़ मिलान लेखन कार्य एवं नए वर्ष का शुभारंभ 14 नवंबर को शुभ समय 11: 00 बजे से 1:43 तक रहेगा। जैन संवत 2550 का शुभ प्रारंभ होगा। इसी दिन अभ्यंग स्नान, चंद्र दर्शन, बाल दिवस एवं मार्ग पाली गुजराती नव वर्ष, बलि पूजा, गोवर्धन पूजा, अन्नकूट रहेगा। 15 नवंबर को भाई दूज रहेगी। समय 6:54 से 8:15 तक एवं 8:16 से 9:37 तक शुभ रहेगा। दोपहर में 10:58 से 12:21 तक शुभ रहेगा। इस दिन विश्वकर्मा दिवस भी मनाया जाएगा। लाभ पंचम 18 नवंबर को रहेगी। शुभ समय प्रात: 8:17 से 9:38 तक रहेगा तथा दोपहर में 1:42 से 4:23 तक चर लाभ अमृत का समय रहेगा।

पुस्तकों से मित्रता पर परीक्षा परिणाम में सुधार संभव

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। मोबाइल से दूरी व पुस्तकों से मित्रता करने एवं प्रतिदिन की कार्य योजना बनाकर अध्ययन करने से ही बोर्ड परीक्षा परिणाम में अपेक्षित सुधार संभव हो सकता है। यह विचार डूंगरपुर ब्लॉक के राउमावि गुमानपुरा में बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन के तहत आयोज्य विद्यार्थी व शिक्षक संवाद के दौरान शिक्षाविदों ने प्रस्तुत किए। प्रारंभ में मेजबान विद्यालय की प्रधानाचार्या हीना पंड्या ने स्वागत भाषण देते हुए बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन पर अपने विचार रखे। संवाद के दौरान प्रधानाचार्य राउमावि माथूगामड़ा खास हरीश उपाध्याय ने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए कार्य व अवकाश के दिनों की कार्य योजना का निर्माण करने, टाइम-टेबल निर्माण करने, अलग-अलग वर्षों के प्रश्न-पत्रों को छात्रों को हल कराने एवं क्लास, होम व मेमोरी वर्क पर आधारित कार्य योजना तय करने को कहा।

अनुभव के साथ जिले के पहले विदेश ट्रिप दुबई से लौटे स्मार्ट स्टडी के 49 छात्र-छात्रा

नाथद्वारा (प्रातःकाल संवाददाता)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल के 49 छात्र-छात्र स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत 5 दिवसीय दुबई भ्रमण कर अपने यादगार अनुभव के साथ लौटे। संस्था के प्रधानाचार्य राजीव सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के 49 छात्र-छात्राओं सहित 4 शिक्षकों का दल दिनांक 31 अक्टूबर को नाथद्वारा से रवाना हुआ था जो 6 नवम्बर को विद्यालय परिसर में पहुंचा। नाथद्वारा से पहुंचे वहां के राजा के महल, विश्वप्रसिद्ध दुबई फ्रेम, दुबई मॉल, पाम वैली, पाम जुमेरा, अटलांटिस होटल, होटल अल अरब तथा मरीना क्रूज के भ्रमण का आनंद प्रसिद्ध अल ऐन डेयरी फार्म फैक्ट्री को देखा और उसकी कार्यप्रणाली, डेजर्ट सफारी का लुत्फ़ उठाया जिसके तहत बाइक राइड, लैंड क्रूज़र, कैमल, होर्स का भरपूर आनंद लिया7 डेजर्ट सफारी के तहत ही बच्चों ने दुबई के सांस्कृतिक परिदृश्य से अवगत हुए। स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के अगले पड़ाव में होनहारों ने प्रसिद्ध जेम्स आर ओन इंग्लिश हाई स्कूल में आयोजित प्रोग्राम 'स्टूडेंट एक्सपो 2023' में भाग लिया जहाँ उनकी संस्कृति का परिचय प्राप्त कर भारतीय संगीत से रचे-बसे नृत्य का संचालन कर उपस्थित दर्शकों की तालियाँ बटोरी। स्कूल द्वारा आयोजित फ्लैग डे में भी विद्यालय के बच्चों ने शामिल होकर वहां के बच्चों के देशप्रेम भाव से रूबरू हुए7 इसके उपरांत बच्चों ने दुनिया की सबसे ऊँची इमारत बुर्ज खलीफा का भ्रमण किया जो अपने आप में अनूठा रहा। बुर्ज खलीफा के बाद बच्चों ने फाउंटेन शो का भरपूर मजा लिया और दुबई मॉल तथा डे टू डे मॉल में घूमकर कई आकर्षक वस्तुएं खरीदी और कई चीज़ों के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्था के निदेशक मनोहर भाटिया, निर्मल जैन और तिलकेश भाटिया ने इसे जिले के लिए एक मील का पत्थर मानते हुए कहा कि ऐसे ट्रिप से बच्चों को विदेशी संस्कृति से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होता है एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियो के साथ वार्षिकोत्सव का समापन

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला मुख्यालय स्थित जेके ग्राम के मनोरंजन केंद्र में लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। जेके टायर के मुख्य प्रबन्धक अनिल मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ संजय अभिषेक के दीप प्रगवलित करने के उपरांत गणपति वंदना नृत्य से कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके बाद कक्षा एलकेजी से कक्षा पाँचवी तक के कानिष्ठ विद्यार्थियो ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियो से उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला, गुजराती नृत्य, बीहू एवं लावणी नृत्य कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि अनिल मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ संजय अभिषेक ने प्रतिभाशाली मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने शिक्षण सत्र 2022-23 की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आभार प्रधान छात्र कियान जैन एवं प्रधान छात्रा कृतिका चौधरी ने ज्ञापित किया।

सार-समाचार

विपक्षी बीमा कम्पनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति राशि का अवार्ड पारित

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष प्रभुलाल आमेटा एवं सदस्यगण राजेश्वरी मीणा, अरविन्द भट्ट ने अपने निर्णय में विपक्षी बीमा कम्पनी दि न्यू इण्डिया इन्श्योरेन्स क लि के विरूद्ध 3 लाख 7 हजार 500 रुपये मय परिवाद, अधिवक्ता व्यय के दिये जाने का आदेश दिया। प्रकरणानुसार कुंभानगर निवासी परिवादी राजू नाथ पिता लक्ष्मण नाथ ने अपने अधिवक्ता महेन्द्र कुमार पोखरना, संजय आगाल के मार्फत इस आशय का प्रस्तुत किया कि परिवादी की बीमीत गाडी का एक्सीडेन्ट हो गया तथा वक्त दुर्घटना परिवादी की गाडी का बीमा वैध एवं प्रभावी होने से विपक्षी बीमा कम्पनी से बतौर क्षतिपूर्ति राशि बीमा क्लेम राशि प्राप्त करनी चाही। बीमा कम्पनी द्वारा क्लेम राशि देने से इंकार करने पर जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया गया जहाँ आयोग ने परिवादी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए विपक्षी कम्पनी का सेवादोष एवं लापरवाही मानते हुए बीमा कम्पनी को क्षतिपूर्ति राशि 3 लाख 7 हजार 500 रुपये मय 6 प्रतिशत ब्याज तथा परिवाद, अधिवक्ता व्यय, मानसिक संताप के कुल 10 हजार रूपये परिवादी को दो माह में अदा करने का आदेश दिया।

स्काउट गाइड झंडा दिवस मनाया

फतहनगर (प्रातःकाल संवाददाता)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ मावली द्वारा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा कार्यालय परिसर में भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस को स्काउट गाइड झंडा दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह के दौरान भारत स्काउट गाइड झंडा स्टीकर का विमोचन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। स्थानीय संघ संरक्षक जगदीश चंद्र पालीवाल ने संगठन के क्रियाकलाप, स्थानीय संघ की गुणात्मक प्रगति आदि के बारे में जानकारी देते हुए संगठन की सक्रिय रूप से गुणात्मक प्रगति पर जोर दिया। स्थानीय संघ सचिव राजवीर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र चौधरी, पवन कुमार नागौरी, कमलेश त्रिवेदी, भरत वैष्णव, कमल सिंह सहित अन्य स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

11 दिवसीय रामलीला का समापन

गंगरार (प्रातःकाल संवाददाता)। गोवलिया में चल रही श्री बजरंग बाल रामायण मंडल गोवलिया द्वारा 11 दिवसय रामलीला का सोमवार को समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गोवलिया सरपंच सुखराज सालवी थे। श्री बजरंग बाल रामायण मंडल के सदस्यों ने बताया कि पिछले 25 वर्षो से गोवालिया में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है जिसमे स्थानीय कलाकार ही भाग लेते रहे हैं। इसमें भगवान श्री राम का पाठ नरेश दाधीच ,लक्ष्मण का पाठ नाहर सिंह चौहान, माता सीता का पाठ उदय राम सुथार एव रावण पाठ नारायण सिंह रावणा राजपुत द्वारा किया गया है।

ICICI Home Finance

कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, जी.के. टावर, प्लॉट नं.14, सार्दुल कॉलोनी, अम्बेडकर सर्कल, बीकानेर-334001

शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, दुकान नंबर 91-92, न्यू क्लॉथ मार्केट, श्री गंगानगर, राजस्थान 335001

शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, दुकान नंबर- 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

शाखा कार्यालय : तीसरी मंजिल, कमल टावर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान- 341001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका **भौतिक कब्जा** बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा:

अनु. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तफसील	बकबाकी रकम	रासीव मूल्य रु. में / बयाना राशि जमा रु. में	मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	नाथ मल नाई (उधारकर्ता) मोनिका देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHBKR00001333724	पट्टा संख्या 4164 प्लॉट संख्या 11, खसरा संख्या 585 बीकासर जय भवानी नगर नोखा जिला बीकानेर नोखा- 334803	रु. 5,67,787/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 10,89,000/- / रु. 1,08,900/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न
2.	अमरजीत सिंह जोरा (उधारकर्ता) परमजीत काऊ (सह-उधारकर्ता) अनीता रानी (सह-उधारकर्ता) तारा राज सिंह (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHGAN00001353961	प्लॉट नंबर 52 पर रो हाउस सेक्टर नंबर 9/3 हनुमानगढ़ जंक्शन हनुमानगढ़ राजस्थान - 335512	रु. 33,02,971/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 58,32,000/- / रु. 5,83,200/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न
3.	ममता परनामी (उधारकर्ता) प्रेम कुमार (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHGAN00001372082	प्लॉट नंबर जी-75 पर घर रणजीत सिंह एवतेव भुखंड संख्या हनुमानगढ़	रु. 12,25,666/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 23,13,500/- / रु. 2,31,350/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न
4.	विनीत (उधारकर्ता) रेखा देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHJAI00001300383 और LHJAI00001300384	फ्लैट नंबर एस-3, दूसरी मंजिल, बुद्ध विहार प्लॉट नंबर 23 गांव राम नगरिया रोड भारत पेट्रोल पंप के पास जगतपुरा जयपुर राजस्थान-302017	रु. 21,58,074/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 20,56,250/- / रु. 2,05,630/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न
5.	मोहम्मद शब्बीर (उधारकर्ता) फरजाना (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHNGR00001462994 एवं LHNGR00001462996	पत्रावली संख्या 107 2014-15 तक मोहल्ला मोहम्मदपुरा आजम डेयरी फार्म नागौर राजस्थान 341001	रु. 17,76,929/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 20,58,462/- / रु. 2,05,850/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न
6.	धर्मेंद्र सिंह शोता (उधारकर्ता) जसविंदर कौर शोता (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHPDM00001295699 और LHPDM00001295700	अहाता नंबर 24 चक-1 जी, पट्टा नंबर 70, ब्लॉक नंबर 75, जिला श्री गंगानगर, ग्राम पंचायत जलोवरी पदमपुर-335041	रु. 17,80,067/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 22,28,400/- / रु. 2,22,840/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न
7.	मनोज सोनी (उधारकर्ता) वर्षा देवी सोनी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHGAN00001266481 एवं NHGAN00001266482	पट्टा संख्या-6687 (5/10/2017) किला संख्या 24 वर्ग संख्या 40/42 चक 3 ई छोटी गली नंबर 03 100 फीट रोड श्रीगंगानगर-335001	रु. 45,01,329/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 62,72,611/- / रु. 6,27,270/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न
8.	रामस्वरूप बिश्नोई (उधारकर्ता) सरस्वती (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHNOK00001278324 एवं NHNOK00001278440	पट्टा संख्या 3363 खसरा संख्या 599 नया रोही बीकासर नोखा-334803	रु. 26,30,216/- अक्टूबर 31, 2023	रु. 45,63,742/- / रु. 4,56,380/-	04 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर 2023 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का **18 दिसम्बर, 2023** को **शाम 5.00 बजे** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशि जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, जी.के. टॉवर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल बीकानेर-** 334001 तहत **18 दिसम्बर,** 2023 को **शाम 04:00 बजे** से पहले भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के स्वाक्षरीकृत प्रत **आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, जी.के. टॉवर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर -**334001 तहत **दिनांक 18 दिसम्बर,** 2023 को **शाम 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड -** नीलामी' के पक्ष में **बीकानेर, हनुमानगढ़, जयपुर, नागोर, पदमपुरा, श्रीगंगानगर, नोखा** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाएं जमा करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सएक्सएन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लि. के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 09 नवम्बर, 2023 — **प्राधिकृत अधिकारी**

स्थान : बीकानेर, हनुमानगढ़, जयपुर, नागौर, पदमपुर, श्रीगंगानगर, नोखा — **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड**